वर्ष 29 अंक 16
पृष्ठ 24
बरेली, शुक्रवार
22 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 8 MIDDLE LEFT

# दैनिक जागरण का डांडिया रास कल

जागरण संवाददाता, बरेली : दैनिक जागरण की ओर से डांडिया रास का आयोजन शुक्रवार को होगा। पीलीभीत रोड पर स्थित स्पर्श रिजार्ट में डांडिया रास की धुन पर झूमने के लिए आप भी तैयार हो जाइए।

सामाजिक सरोकारों से नाता रखने वाला दैनिक जागरण पिछले कई वर्षों से बरेली में डांडिया रास का आयोजन कर रहा है। इस बार डांडिया का आयोजन नए कलेवर में होगा। इसमें एंकर गजल के साथ रिदिम डांस ट्रूप चार चांद लगाएंगे। गुरुवार को स्पर्श रिजार्ट में शाम आठ बजे से होने वाले इस आयोजन में आप भी नवरात्र के साथ डांडिया रास की महफिल में शरीक हों। इसके लिए कोई नया पास जारी नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जारी पास ही मान्य होंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ सह प्रायोजक एसआरएमएस इंस्टीट्यूट, मारिया डे, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी और कॉमर्शियल टोयोटा बरेली हैं। अन्य सहयोगियों में क्रिएथिवस पब्लिक स्कूल, आउटडोर पार्टनर जागरण ईंगेज और रेडियो पार्टनर 91.9 एफएम रेडियो सिटी हैं। डांडिया रास में पुरस्कार जीतने का मौका भी मिलेगा। कार्यक्रम में बेस्ट कपल, बेस्ट हेयर, बेस्ट फैमिली, बेस्ट एटायर, बेस्ट डांसर चुने जाएंगे। इसे लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिभागी लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**आयोजन**

- गुरुवार को स्पर्श रिजार्ट में डांडिया रास में थिरकेंगे लोग
- बेस्ट कपल और बेस्ट फैमिली संग चुने जाएंगे कई प्रतिभागी
- पूर्व में जारी पास ही कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मान्य